बिज़नेस स्टैंडर्ड
भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार

# लीलावती हॉस्पिटल लगाएगी 800 करोड़ रु

लीलावती हॉस्पिटल ने बांद्रा में नया कैंसर अस्पताल (कैंसर केयर इंस्टीट्यूट) बनाने की घोषणा की है। 300 बेड वाले इस अस्पताल के लिए 800 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। संस्थान के लिए 3.5 लाख वर्गफुट भूमि पर सब्सिडी देकर सरकार ने इस परियोजना का समर्थन किया है। उम्मीद की जा रही है कि कैंसर केयर इंस्टीट्यूट से 5 से 6 हजार नौकरियों का सृजन होगा। इनमें 400 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक, स्वास्थ्य देखभाल पेशवर और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। *बीएस*